# कार्यालय नगर निगम, उदयपुर
**टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001**

दूरभाष - 0294-2421255, 2420013, Helpline no. 0294-2426262 , वेबसाइट. www.udaipurmc.org


क्रमांक :–राजस्व / विज्ञापन / 2023–24 / 61 / दिनांकः– 11/8/2023

## कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण विशेष कर विज्ञापन का व्यवसाय करने वाले व्यावसायियों को सूचित किया जाता है कि महाराणा भूपाल चिकित्सालय हॉस्पीटल रोड़, उदयपुर के बाहर मुख्य मार्ग पर निर्मित फुटओवर ब्रीज पर एक वर्ष की अवधि हेतु विज्ञापन करने का लाईसेंस देने हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे है, विज्ञापन क्षेत्र एक ओर 80X5=400 वर्गफीट है तथा दोनों और का 800 वर्गफीट है। निगम द्वारा इस लाईसेंस की एक वर्ष की न्यूनतम आरक्षित दर 48000+18% जी.एस.टी. अतिरिक्त निर्धारित की गई है।

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म अपने कोटेशन दिनांक 21.8.2023 को 11.00 AM बजे तक राजस्व अधिकारी, नगर निगम, उदयपुर को कक्ष संख्या 71 में प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक व समय के पश्चात् प्राप्त कोटेशन स्वीकार नही किये जायेगें। अधिकतम दर देने वाले संवेदक का कोटेशन स्वीकृत किया जाएगा। जी.एस.टी. की राशि पृथक से ली जाएगी। कोटेशन स्वीकृत होने के एक सप्ताह में मूल राशि व जी.एस.टी. जमा कराने पर कार्यादेश एक वर्ष की अवधि हेतु जारी किया जाएगा। विज्ञापन नगर परिषद् उदयपुर विज्ञापन उपविधियां संशोधित दिनांक 12.04.2010 के अनुसार लगाए जायेगें तथा विज्ञापन पर अश्लील या आपत्तिजनक चित्र व केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा प्रतिबन्धित वस्तु जैसे धुम्रपान, मादक पदार्थ का प्रदर्शन नही किया जा सकेगा व विज्ञापनों में महिला अशिष्ट रूपण अधिनियम की पूर्णतया पालना करनी होगी।

sd/-

**मयंक मनीष** (I.A.S.)<br>
**आयुक्त**<br>
**नगर निगम, उदयपुर**

**प्रतिलिपि :–**

1. नोटिस बोर्ड नगर निगम / गैराज शाखा।
2. अधिशाषी अभियन्ता, (विद्युत), को प्रेषित कर लेख है कि उक्त कोटेशन सूचना नगर निगम, उदपुर की वेबसाईट पर प्रकाशित करावें।

**आयुक्त**<br>
**नगर निगम, उदयपुर**

D/patta files entry/RO – 2/otc letter